## खबर संक्षेप

### नो एंट्री के उल्लंघन पर 3 ट्रेक्टर चालकों पर हुई चालानी कार्यवाही

**मण्डला।** मंडला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना यातायात द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चैकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नो-एंट्री उल्लंघन करने वाले तीन ट्रैक्टर ट्राली चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम कि धारा के तहत चालानी कार्यवाही करते कुल 15 हजार रूपए का चालान किया गया। ट्रैक्टर ट्राली चालकों को ट्राली का कामर्शियल रजिस्ट्रेशन कराने, ट्रक व ट्रैक्टर चालकों को वाहन के वैध दस्तावेज साथ रखने, निर्धारित समय पर ही शहर में वाहन संचालन करने तथा ट्रक व ट्रैक्टर में लेबर या अन्य व्यक्तियों को नहीं बैठाने संबंधी सख्त समझाइश दी गई।

### मंडला रोजगार मेला में 75 प्रतिभागियों को मिला नियुक्ति पत्र

**मण्डला।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मंडला में रोजगार मेला आयोजित किया गया। ग्राम देवदरा के बीआरसी भवन हॉल में आयोजित किए गए इस मेले में 114 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। काउंसलिंग के उपरांत शैक्षणिक अर्हता एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण के बाद 75 प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर की भर्ती के लिए गार्डियंस ट्रेनिंग एकेडमी हैदराबाद कंपनी के लिए प्राथमिक चयन किया गया। रोजगार मेले में आजीविका मिशन स्टाफ से अभय गौर, श्रीमती सुरेखा बैरागी, श्रीमती साधना नंदा, श्रीमती रूकमणी सिंह, प्रदान संस्था से श्रीमती निधि तिवारी एवं कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पत्नि सहित ए.पी.सी. अवधेश नारायण पाण्डेय को भी बनाया आरोपी

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाये डी.पी.सी.





*** ककैया स्कूल की मान्यता के लिये मांगे थे 120000 रूपये।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*जिले की शिक्षा व्यवस्था को गर्त पर ले जाने का काम इसी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर रहे है जिनका एक मात्र उद्देश्य पैसा कमाना है फिर चाहे वह रिश्वत के माध्यम से ही क्यों आये। विभाग की करतूतों की खबर शायद कोई दिन होता होगा जब समाचार पत्रों की सुर्खियाँ न बनती हो। सबको खबर है इनके भ्रष्टाचार की लेकिन जिला प्रशासन इससे कैसें बेखबर है यह समझ से परे है और इसी अनदेखी का फायदा इस विभाग के अधिकारी जमकर उठा रहे हैं और गलत तरीकों से अपनी जेबे भर रहे हैं। वह तो ईओडब्ल्यू की सक्रियता ऐसे रिश्वतखोरो को दबोच रही है। कल इसी तरह की एक कार्यवाही में जिले के डीपीसी अरविन्द विश्वकर्मा अपनी पत्नि के साथ रिश्वत के 60000 रूपये लेते रंगे हाथो पकड़ाये गये अब न तो इन अधिकारियों को कोई शर्म आ रही है और न ही जिले के जिम्मेदारों को।*

#### क्या है मामला

जिले के ककैया ग्राम स्थित विद्या निकेतन स्कूल से जुड़ा एक बड़ा भ्रष्टाचार मामला सामने आया है। स्कूल भवन के निर्माण कार्य पूर्ण न होने के बावजूद, डी.पी.सी. (जिला परियोजना समन्वयक) अरविंद विश्वकर्मा द्वारा स्कूल संचालक रवि कांत नंदा से रिश्वत की मांग की गई थी। सूत्रों के अनुसार, अरविंद विश्वकर्मा ने भवन संबंधी स्वीकृति प्रदान करने के एवज में 1,20,000 रूपये की मांग की थी। इस संदर्भ में स्कूल संचालक रवि कांत नंदा ने पहले 50,000 रूपये की पहली किस्त दिनांक 23 सितंबर 2025 को दी थी। दिनांक 25 सितंबर 2025, रविकांत नंदा शेष 60,000 रूपये की दूसरी किस्त देने रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पहुँचे। जैसे ही डी.पी.सी. अरविंद विश्वकर्मा ने अपनी पत्नी से पैसों का पैकेट रखने को कहा और उनकी पत्नी ने वह पैकेट लिया, तभी आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (EOW) ने कार्रवाई करते हुए दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। ई.ओ.डब्लू. की टीम द्वारा मौके पर ही रकम की बरामदगी और अन्य कानूनी प्रक्रियाएँ पूरी की जा रही हैं। इस मामले में आगे की जांच जारी है। यह कार्यवाही शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ी पहल मानी जा रही है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व ही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के एक एसडीओ इसी तरह रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था अब देखना है डीपीसी के बाद किसका विकेट गिरता है।


शौर्य भूमि
निजी स्कूलों की मान्यता प्रक्रिया पर उठे सवाल



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों की मची लड़ाई, बाधित हो रही बच्चों की पढ़ाई



*** कार्यकर्ता का किया गया सामाजिक बहिष्कार, और बच्चों को नहीं भेजा जा रहा केन्द्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस थाना निवास के अन्तर्गत ग्राम जंगलिया के पगड़ीटोला में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 की कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीणों के बीच लगभग 6 माह से घमासान विवाद चल रहा है। विगत दिवस इसकी शिकायत कलेक्टर कार्यालय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया है कि उसे एवं उसके परिवार को समाज से बन्द कर दिया गया है एवं उसे एवं उसके पति के साथ गाली गलौज किया जाता है और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है साथ ही बताया गया कि अब दिनांक 20 सितम्बर 2025 से यहाँ के लोग अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं भेज रहे हैं जिससे नन्हे मुन्हे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। जबकि अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण माह के अन्तर्गत बच्चों के लिए अनेक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं लेकिन यहाँ के बच्चे इन गतिविधियों से वंचित हो रहे हैं और यहाँ की ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने केन्द्र की रिपोर्टिंग नहीं कर पा रही है। पीड़िता द्वारा बताया गया कि कुछ तथाकथित लोगों की वजह से उसका परिवार मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है। उक्त मामले की शिकायत पीड़िता द्वारा महिला आयोग से भी करते हुए मॉग की गई है कि बच्चों को शीघ्र आंगनबाड़ी केन्द्र भिजवाया जाये एवं दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

### पोषण माह अभियान अंतर्गत योग एवं खेल-कूद गतिविधि का आयोजन

**मण्डला।** महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार परियोजना बीजाडांडी अन्तर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान के आठवे दिवस योग, फिटनेस, सामुदायिक खेल एवं मोटापा नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। परियोजना के समस्त केंद्रों में बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, शारीरिक विकास के लिए गतिविधियां आयोजित कराई गई। साथ ही केंद्रों में पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों के माता-पिता, अभिभावकों को पोषण के बारे में जानकारी दी गई। मोटापे के कारण आने वाली स्वास्थ्य समस्या को कम करने के साथ ही फास्ट फूड, ज्यादा तेल, नमक, शक्कर आदि खानपान के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।

### पीएम श्री विद्यालय में बैगलेस डे गतिविधियां आयोजित



**मण्डला।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर मंडला में शासन के निर्देशानुसार बैगलेस डे गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसका उद्देश्य पारंपरिक किताबों और बैग से हटकर व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जाना है, इसके साथ ही शिक्षा को रोचक, तनावमुक्त, अनुभवात्मक बनाना है। इस अवधि में विद्यार्थी कला, खेल, नाटक, संगीत, विज्ञान प्रयोग, साहित्य आदि के द्वारा ज्ञान अर्जित करते हैं। विद्यालय प्राचार्या विभा मिश्रा ने बताया ये गतिविधियां उनकी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को बढ़ाती हैं, विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा सामने लाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राएं भी उत्सुकता से शामिल हो रही हैं।

### कैबिनेट मंत्री श्रीमती उईके ने किया स्वच्छता के लिए श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



महाराजपुर के संगम क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके एवं जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम की उपस्थिति में एक साथ, एक दिन, एक घंटा स्वच्छता के लिए (स्वच्छोत्सव) अभियान अंतर्गत सामूहिक श्रमदान किया गया। मंत्री श्रीमती उईके के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता सेवा की।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, गंदगी न फैलाने और कचरे का सही निपटान करने की शपथ दिलाई। श्रमदान के दौरान सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई।

मंत्री श्रीमति उइके ने लोगों से अपील की कि वे अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान दें, ताकि स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। इस दौरान मंत्री श्रीमती उईके ने स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि संगम क्षेत्र के सामुदायिक भवन की साफ-सफाई सुनिश्चित करायें। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, शिवा राजपूत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री गजानन नाफड़े, पूर्व पार्षद श्रीमती शिखा श्रीवास्तव सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

*** कर मुक्त गौ वंश मांस को राजपत्र से निरस्त करने की मांग की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



विश्व हिन्दू परिषद जिला बिछिया के बैनर तले सर्व सनातनी हिन्दू समाज द्वारा हाल ही में मध्यप्रदेश शासन द्वारा गौ मांस को कर मुक्त घोषित करने की अधिसूचना 18 सितंबर 2025 सीरियल क्रमांक 7 अध्याय _उपशीर्षक टैरिफ/शीर्षक मद 0201/ गौ वंशीय पशुओं का मांस ताजा, ठंडा टैक्स फ्री जारी अधिसूचना द्वारा गौ मांस को कर मुक्त घोषित करने संबंधी राजपत्र को तत्काल निरस्त करने हेतु डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री , मध्यप्रदेश शासन, भोपाल को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया के माध्यम से विश्व हिन्दू परिषद जिला बिछिया के तत्वाधान में सनातनी हिन्दू समाज द्वारा ज्ञापन दिया गया। साथ ही उल्लेख किया गया कि सरकार गौ-संरक्षण, गौ-संवर्धन की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए। ज्ञापन क्रम में विश्व हिन्दू परिषद से जिला उपाध्यक्ष आजाद चौबे, संघ प्रमुख राजेश अग्रवाल, जिला मंत्री बलदाऊ राजपूत, अनिल राजपूत, जिला धर्मप्रसार प्रमुख विवेक कुमार पाण्डेय, बजरंग दल प्रमुख हितेश तिवारी, प्रखंड मंत्री राजू भाषंत, अभिषेक ठाकुर, ओम मोंगरे, सौरभ श्रीवास, हवन राजपूत, दीपक राजपूत, बंटी जंघेला, मीडिया प्लेटफॉर्म से सुमित गोस्वामी, मनोज यादव और क्षेत्र के सभी सनातनी हिन्दू समाज उपस्थित रहे।

**अनदेखी** | **विद्यालय की छत पर अटका पेड़ बना खतरा, दो माह से प्रशासन बेखबर।**

# दहशत के माहौल में अध्ययनरत छात्र

*** शाला प्रबंधन की गुहार अनसुनी, नगरपालिका ने नहीं की कोई कार्रवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगर मुख्यालय स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक -2, मण्डला में बीते 4 जुलाई 2025 को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जब पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से उखड़ा हुआ एक विशालकाय पेड़ विद्यालय की छत पर आ गिरा। इस घटना को दो माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज दिनांक तक भी पेड़ को हटाया नहीं गया है।

विद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ की सुरक्षा पर इससे गंभीर संकट मंडरा रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई बार सहायक आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग मण्डला एवं नगरपालिका प्रशासन को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

बेशक, विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के प्रयास किए गए हैं, लेकिन पेड़ का मुख्य तना अब भी विद्यालय भवन पर ही पड़ा हुआ है, जो किसी भी क्षण बड़ी दुर्घटना का



कारण बन सकता है।

#### संसाधनों की कमी या संवेदनशीलता की कमी?

नगरपालिका प्रशासन की ओर से इस गंभीर विषय पर केवल संसाधनों की कमी और कार्यभार अधिक होने का हवाला देकर मामले को नजरअंदाज किया जा रहा है। यह न सिर्फ प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही बरती जा रही है।

आज के तकनीकी और मशीनरी युग में एक पेड़ को हटाने में दो माह से अधिक का समय लगना, निश्चित ही प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है।

#### विद्यालय प्रबंधन की मांग

विद्यालय भवन की छत पर गिरे पेड़ को तत्काल हटाया जाए। भवन की संरचनात्मक स्थिति की विशेषज्ञों से जांच कराई जाए। छात्रों एवं स्टाफ की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने हेतु प्रशासनिक तत्परता सुनिश्चित की जाए।

#### जिला प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

नगरपालिका अधिकारियों की हठधर्मिता और संवेदनशील मामले में उदासीन रवैये पर जहां एक ओर विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों में रोष है, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के घटित होने का इंतजार कर रहा है?

#### विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने संवेदनशील

जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि विद्यालय परिसर को सुरक्षित बनाया जा सके और बच्चे भयमुक्त वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

#### *इनका कहना है :-*

*स्कूल की छत पर लगभग 5 माह से विशालकाय पेड़ गिरा पड़ा जिससे स्कूल के बच्चों को और कर्मचारियों को खतरा बना रहता है, इसके लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा लगातार नगरपालिका को पूड़ी हटवाने हेतु पत्र दिया जा रहा किन्तु अभी तक पेड़ नहीं हटाया गया। जिससे स्कूल हनहोनी घटना होने की संभावना बनती रहती है।*

***-संध्या गुप्ता, प्राचार्य, शा. उच्च.माध्य. विद्यालय क्रमांक -2 मण्डला***

*स्कूल प्रबंधन से लगातार पत्र भेजे गये है, कर्मचारियों की व्यस्तता के चलते बिलंब हुआ है पर अब जल्द ही टीम भेजकर गिरे पेड़ को हटाया जायेगा।*

***-गजानन नाफेड, सीएमओ, मण्डला***

*आपके द्वारा जानकारी में लाया गया है सीएमओ से चर्चा कर स्कूल की छत में गिरे पेड़ को हटवाने की कार्यवाही जल्द से जल्द कराई जायेगी।*

***अखिलेश कछवाहा पार्षद तिलक वार्ड एवं उपाध्यक्ष नगरपालिका मण्डला***

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी भारत की प्रेरणा है-वैभव पवार

*** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मजयंती पर संगोष्ठी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान तथा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार एवं कैबिनेट मंत्री व मंडला विधायक संपतिया उइके ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारधारा और एकात्म मानववाद पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे महान पुरुष थे जिन्होंने भारत की आत्मा को समझते हुए राष्ट्र को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और सेवा भावना ही भारतीय जनता पार्टी को देश की सबसे सशक्त राजनीतिक शक्ति बनाती है। हर बूथ, हर वार्ड और हर ग्राम में कार्यकर्ताओं का समर्पण पार्टी की नींव को मजबूत करता है। मंत्री उईके ने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने में अपनी अहम भूमिका निभाएँ। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प आज के युवा के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पंडित जी का जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र सेवा और स्वदेशी विचार को अपनाने का संदेश देता है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे साधारण परिवार में जन्म लेकर भी असाधारण विचारों के धनी थे। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना और संगठन को ही शक्ति बताया। उनका एकात्म मानववाद का सिद्धांत आज भी भारतीय समाज को दिशा देता है। श्री पवार ने कहा कि पंडित जी ने स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और अंत्योदय के माध्यम से हर अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त किया। उनके विचार हमें प्रेरित करते हैं कि हम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जीवन का लक्ष्य बनाएं और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन समर्पण और संगठन का प्रतीक है। आज का यह आयोजन कार्यकर्ताओं को उनके विचारों से जोड़ने का अवसर है।

# नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी


माँ बीजासेन दरबार कौड़िया रोड पर स्थापित


कुचबंदिया मुहल्ला में स्थापित प्रतिमा


पुरानी गल्ला मंडी में स्थापित प्रतिमानगर के चीचली मार्ग फाटक के पास स्थापित


स्टेशन मार्ग पर स्थापित


पंजाबी बगीचा में स्थापित प्रतिमा


शिवालय चौक पर स्थापित प्रतिमा

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोकते हुये पति पत्नी के साथ की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कुडारी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी पत्नी के साथ की जा रहा था उसी दौरान ग्राम के नेतराज कीर, दिनेश व कैलाश कीर द्वारा रास्ता रोकते हुये गंदी गंदी गालिया देना शुरू कर दिया गया। इस तरह जब प्रार्थी द्वारा गालिया देने से मना किया तो तीनों ने प्रार्थी सहित उसकी पत्नी के साथ मारपीट की गई। इसी दौरान जब बीच बचाव करने के लिये प्रार्थी की बुआ का लड़का संदीप रजक आया तो नेतराज द्वारा किसी तलवारनुमा हथियार से सके साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### अवैश रूप से गौवंश परिवहन करने वाले वाहन चालक पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस जब पुलिस द्वारा गस्त की जा रही थी उसी दौरान शहर के आमगांव नाका के पास एक वाहन पिकअप बोलेरो क्रमांक MP49ZE6683 को रोकते हुये जब पुलिस ने उसकी जांच की गई तो उसके अंदर पूर्ण कुरूरता पूर्वक पशुओं को भरा हुआ था। वही वाहन चालक ने पूछताछ के दौरान अपना नाम मुकेश पिता प्रीतम कौरव उम्र 40 साल निवासी विवेकानंद वार्ड बताया गया। इस तरह पशुओं को कूरूरता पूर्वक वाहन में अवैध परिवहन करने के चलते पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पशु कुरूरता अधिनियम व मोटर व्कहील एक्ट तहत मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया है।

### ट्रेलर मास्टर से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस श्याम टाकीज के पास सुपर ट्रेलर दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था उसी दौरान बबलू कठल, सल्लू कठल आये और बोले की तुम हमारे घरेलू विवाद में एक की दो क्या लगाता है। इसी बात को लेकर वह जब प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देने लगे तो उसने गाली दिये जाने से मना किये जाने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## नवरात्र पर्व के चौथे दिवस भक्तों ने की माँ कूष्माण्डा का पूजन

### रात के समय सड़को पर उमड़ते हुये दिखाई देने लगी भीड़, मंदिरों पर शुरू हुये कन्या भोज के आयोजन









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** माँ जगत जननी अम्बे जी की आराधना का पर्व शारदेय नवरात्र निश्चित तौर से चारो ओर खुशियाली फैलाने वाला होता है। इसी के चलते इस समय शहरों से लेकर गांव गांव धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई देखने मिल रही है। इस तरह गुरूवार को नवरात्र के चौथें दिवस भक्तों ने कृष्माण्डा देवी की आराधना करते हुये विधि विधान के साथ पूजन किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष एक तिथि दो दिन होने के चलते नवरात्री की चौथ कल गुरूवार व आज शुक्रवार को मनाई जावेगी। इस तरह नवरात्र पर्व 10 दिन को होने के चलते लोगों में अलग ही उत्साह देखने मिल रहा है। क्योंकि नवरात्री का आगमन हाथी पर सबार होकर आने व दस दिन का होने के चलते काफी शुभकारी बताया जा रहा है। इस प्रकार से नवरात्र के दौरान नगर के देवी मंदिरों में जल ढारने वाली महिलाओं की सुबह से भीड़ देखने मिल रही है तो दूसरी ओर शाम के वक्त महिलाये मातारानी के लिये दीप अर्पित करते हुये पहुंच रही है। वही दूसरी ओर अनेक जगहों पर देवी भक्तों द्वारा कन्य भोज के आयोजन किये जा रहे है। नगर के कौड़िया रोड़ स्थित माँ विजयवासनी देवी दरवार में हर साल की भांति माँ के भक्त सुनील ठाकुर द्वारा प्रतिदिन देवी स्वरूपा कन्याओं को पूजन करते हुये भोज कराते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर रात के समय शहर की सड़को पर मातारानी की दर्शन करने के लिये शहर की सड़को पर लोगों की भीड़ उमड़ने की शुरूआत हो चुकी है। वही आज से और बढ़ोत्तरी देखने मिलेगी। मगर भक्तों के बीच घुमने वाले आवारा कुत्ता सहित पशुओं द्वारा दहशत फैलाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस तरह नवरात्र के चौथें दिवस लोगों ने माँ कृष्माण्डा का पूजन किया गया। बताया जाता है कि कुष्मांडा देवी की उत्पत्ति तब हुई जब सृष्टि का कोई अस्तित्व नहीं था और चारों ओर केवल अंधकार छाया हुआ था। देवी कूष्मांडा ने अपनी मंद मुस्कान से इस अंधकारमय शून्यता में 'ब्रह्मांडीय अंडे' या 'अंड' की रचना की, जिससे ब्रह्मांड का सृजन हुआ। इसलिए, उन्हें ब्रह्मांड का सृजनकर्ता और आदि शक्ति माना जाता है। माँ कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। माँ कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाए तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। विधि-विधान से माँ के भक्ति-मार्ग पर कुछ ही कदम आगे बढ़ने पर भक्त साधक को उनकी कृपा का सूक्ष्म अनुभव होने लगता है। यह दुःख स्वरूप संसार उसके लिए अत्यंत सुखद और सुगम बन जाता है। माँ की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिए सर्वाधिक सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माँ कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधियों-व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। अतः अपनी लौकिक, पारलौकिक उन्नति चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिए। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषतहास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं। इसलिए इस देवी को कुष्मांडा। इस देवी का वास सूर्यमंडल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कांति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। अचंचल और पवित्र मन से नवरात्रि के चौथे दिन इस देवी की पूजा-आराधना करना चाहिए। इससे भक्तों के रोगों और शोकों का नाश होता है तथा उसे आयु, यश, बल और आरोग्य प्राप्त होता है। ये देवी अत्यल्प सेवा और भक्ति से ही प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं। सच्चे मन से पूजा करने वाले को सुगमता से परम पद प्राप्त होता है।

## सेवा पखवाड़े के दौरान माँ नर्मदजी को तट पर चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को संपूर्ण देश सेवा पखबाड़े के रूप में बनाते हुये अनेक प्रकार से सेवाओं के आयोजन करते हुये मनाते हुये देखा जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस माँ नर्मदाजी के पावन तट झिकोली घाट पर स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत झिकोली, जनपद पंचायत साईखेड़ा में एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 'एक घंटा, एक दिन, एक साथ, श्रमदान' के संकल्प के साथ नर्मदा तट की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी लेते हुये सफाई की गई। इस अभियान का नेतृत्व जनपद पंचायत साईखेड़ा के अध्यक्ष छत्रपाल सिंह बुटयावत और जनपद सदस्य बसंत तिवारी ने किया गया। वही ग्राम पंचायत झिकोली की सरपंच नीतू नेतराम पटेल, बी.सी. नमिता चौरसिया, तथा आयुष विभाग से आए डॉ. धर्मेंद्र सिंह राजपूत व उनकी टीम ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा समाजसेवी दिनेश कुमार पांडे, बोरन सिंह ठाकुर और पूर्व सरपंच तिलक सिंह राजपूत ने भी श्रमदान में शामिल होकर अभियान में अपना योगदान दिया। वही कार्यक्रम में पंचायत सचिव रामपाल सिंह राजपूत, उप सरपंच सीताबाई ठाकुर, पंच केवल सिंह पटेल व राजकुमार नोरिया, पंचायत चौकीदार मनोहर सिंह नोरिया तथा ग्राम कोटवार सीताराम मेहरा ने भी सहयोग किया। माँ नर्मदा तट पर किए गए इस श्रमदान का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि समाज के बीच स्वच्छता के महत्व का संदेश फैलाना भी था। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर टीम भावना के साथ काम किया और यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार या किसी संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्रपाल सिंह बुटयावत ने कहा कि "स्वच्छता ही सेवा है और हमें मिलकर अपने गांव, समाज और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाएगा तभी स्वच्छ और स्वस्थ भारत का सपना साकार होगा। यह कार्यक्रम न केवल झिकोली ग्राम पंचायत बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बन गया है। इस अभियान से ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ वातावरण देने का संकल्प मजबूत हुआ है।

## आपकी आवाज की खबर को अधिकारियों ने लिया गंभीरता से लेते हुये सड़क किनारे खुले गड्डों को कराया ठीक



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सोशल मीडिया का सही महत्व तभी माना जा सकता है जब उस पर की जाने वाली पोष्ट को अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुये लोगों की परेशानियों का हल किया जावे। मगर इस सच्चाई चंद अधिकारियों में ही देखने मिल पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे में देखने मिली। बताया जाता है कि चल रहे नवरात्र के दौरान शहर के अंदर मुख्य सड़को के किनारे अनेक जगहों पर चैम्बर खुले पड़े हुये है तो कुछ जगहों पर गड्डे देखने मिल रहे है। इस सच्चाई को आपकी आवाज नामक गुरूप पर पोस्ट करते हुये अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया गया कि नवरात्र पर्व के दौरान रात्री के समय देवी दर्शन करने के लिये सड़को पर उमड़नी वाली भीड़ के लिये खुले पड़े हुये यह चैम्बर व गड्डे जानलेवा साबित हो सकते है। आपकी आवाज सोशल मीडिया की इस पोस्ट को एसडीएम द्वारा गंभीरता से लेते हुये सुधार के लिये नपा को आदेशित किये जाने के बाद जहां तहां खुले पड़े हुये चैम्बरों सहित गड्डो का सुधार कार्य किया जा रहा है। इस तरह नगर के जिम्मेदारी अधिकारी की गंभीरता व कार्य कराने की तत्परता पर लोगों द्वारा प्रसन्नता जाहिर करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है।

### बैरागढ़ स्कूल में मै हू अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस ने छात्र छात्राओं को प्रदान की जरूरी जानकारियाँ



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** आये दिन नये नये अपराध जिस तरह से जन्म लेते हुये देखे जा रहे है उनकी गिरप्त में आने से युवा व किशोर अवस्था के बच्चे शिकार होने से नही बच पा रहे है। इस तरह साईबर सहित अन्य फ्राट अपराधों की सच्चाई से किशोर किशोरियों को बचाव को लेकर पुलिस द्वारा लगातार मैं हू अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस सालीचौका पुलिस चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ द्वारा अपनी टीम के साथ समीपस्थ ग्राम बैरागढ़ हाई स्कूल पहुंचकर वहां पर अध्ययनरत छात्र छात्राओं को साइबर सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से होने वाले अपराधों के आलवा महिला व चाईण्ड हेल्प लाईन नंबरों के उपयोग को लेकर जागरूक किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया कि आजकल फर्जी तौर से मोबाईल फोन पर अज्ञात लोगों द्वारा काल करते हुये कहा जाता है कि आपके खिलाफ फला थाने में मामला दर्ज हुआ है और आप मुश्किबत में पड़ जावेगे हो सके तो हमारे अधिकारी से बात करते हुये मामले को यही पर सुलझा सकते है। इस तरह अज्ञात काल करने वाले की बातों व दहशत के चलते अनेक लोग फंसते हुये अपने खाते संबंधी जानकारी दे देते है या फिर उसके बताये गये अनुसार उनके खातों में राशि डालते हुये फर्जीवाडा के शिकार बन जाते है। वही दूसरी ओर अज्ञात लोगों द्वारा लाटरी फंसने का लोभ देते हुये आपके खाते संबंधी जानकारियाँ प्राप्त करते हुये लोगों के खातों में जमा राशि को हड़पने से नही चूकते है। इसी प्रकार से पुलिस चौकी प्रभारी धाकड़ द्वारा महिलाओं तथा कम उम्र के बच्चियों के साथ घटित होने वाली घटनाओं की जानकारियों से भी अवगत कराते हुये उन्हें जागरूक किया गया।

## महाविद्यालय में बीपीओ नॉन-वॉइस मॉड्यूल्स प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगातार 22 दिनों तक चलने वाला बीपीओ नॉन-वॉइस मॉड्यूल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 50 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र जैन, प्राचार्य डॉ. पी.एस. कौरव तथा प्रधानमंत्री कौशल केंद्र के डायरेक्टर कमल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। वही जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों सके। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. सुनील शर्मा ने आयोजन के महत्व की जानकारी दी और कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश डेहरिया ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन के लिए प्रियराज यादव, अजीत कहार, हंसा पाठक, वैष्णवी दशोरे, यश साहू एवं प्रधानमंत्री कौशल केंद्र की प्रशिक्षक स्वाति जैन एवं मुस्कान राजपूत को भी सम्मानित किया । इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक आर. के. कौरव, प्रो. सुनील पालीवाल, प्रो एन.पी. वर्मा, प्रो. एस. के. नायक, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. शारदा भिंडे , डा. सतीश अग्निहोत्री सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## गांव की सड़कों पर बह रहा नालियों का गंदा पानी देवी दर्शन करने वालों का निकलना हुआ मुश्किल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सकरार द्वारा ग्राम विकास से लेकर स्वच्छता के नाम पर हर पंचायत के लिये मनमानी राशि प्रदान किये जाने के बाद भी यदि गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वहां की मुख्य सड़को पर फैलने वाली गंदगी निश्चित तौर से ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो से लेकर स्वच्छता के नाम पर की जाने वाली धनराशि की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आमगांव छोटा सहित अन्य ग्राम पंचायतों की देखने मिल रही है जहां पर नालियों की गंदा पानी मुख्य सड़क पर बहते हुये दिखाई पड़ रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गांव की इस सड़क पर सिर्फ इसी गांव का ही नही बल्कि ग्राम कामती की नालियों का पानी भी आने के कारण गांव की मुख्य सड़क बारह माह नाले के रूप में दिखाई देने से नही चूक पाती है। मगर इसके बाद भी पंचायत द्वारा लोगों के घरों से निकलने वाले इस गंदे पानी के लिये किसी भी प्रकार के उचित प्रबंध नही किये जाने के कारण जहां पंचायत के विकास कार्यो की सच्चाई उजागर होते हुये जान पड़ रही तो दूसरी ओर संपूर्ण गांव में फैल रही गंदगी के चलते केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जाने वाले स्वच्छता अभियान पर भी खुलेआम ग्रहण लगाते हुये दिखाई दे रहा है। इस प्रकार से ग्राम पंचायत आमगांव छोटा में मुख्य मार्ग पर बह रहे नालियों के गंदे पानी के चलते इस समय चल रहे नवरात्र के दौरान सबसे अधिक परेशानी उन महिलाओं सहित गांव के लोगों को हो रही है जो माता रानी की पूजन व जल ढारने के लिये अपने घरों से नहा धोकर तो निकलते है मगर उन्हें इसी गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है जिसके चलते निश्चित ही उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर गांव में अनेक प्रकार की बीमारियाँ भी जन्म लेते हुये जान पड़ रही है। इस प्रकार से नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बीते हुये कई वर्षो से बहते हुये देखा जा रहा है, मगर इसके बाद भी पंचायत द्वारा इसको लेकर आज तक कोई उचित प्रबंध करना जरूरी नही समझा गया है।

## मेहरागांव में कल से शुरू होगी डिजिटल लाइब्रेरी

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** गांव का विकास तथा सुन्दरता के साथ साथ स्वच्छता हर व्यक्ति की उम्मीद रहती है। इसी के चलते जनपद साईखेड़ा की ग्राम पंचायत मेहरागांव में कल 27 सितंबर को दोपहर 12 बजे से दो बजे तक डिजिटल लाइब्रेरी और सामुदायिक आरओ वॉटर फिल्ट्रेशन यूनिट के तहत प्रोटेक्टल हेल्थ इनीशियेटिव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव उदयप्रताप सिंह करेंगे। वही अतिथि के रूप में क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी शामिल होगे। वही अन्य अतिथियों में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुनीता पटेल, जनपद अध्यक्ष डॉ. छत्रपाल सिंह बुटयावत, जनपद सदस्य अजीत पटेल शामिल होंगे। बताया जाता है कि कल से शुरू होने वाली यह डिजिटल लाइब्रेरी के जरिए ग्रामवासियों को शैक्षिक और साहित्यिक संसाधनों तक बेहतर पहुंच मुहैया कराएगा। इससे बच्चों, युवाओं मेहरागांव पंचायत कार्यालय।और ग्रामीण विद्यार्थियों को अध्ययन, शोध और जानकारी के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, प्रोटेक्टल वाटर इनीशियेटिव, पीडब्लूआई के तहत आरओ वॉटर फिल्ट्रेशन और सॉफ्टनर यूनिट का शुभारंभ भी किया जाएगा। जिससे ग्रामवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। ग्राम पंचायत मेहरागांव द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीण समाज की सक्रिय भागीदारी और स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बजरंग दल की सतर्कता से पकड़ा गया पिकअप, 3 मवेशी बरामद

**शहपुरा।** शहपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सतर्कता से मवेशियों की तस्करी का मामला सामने आया। कार्यकर्ताओं ने संदिग्ध पिकअप वाहन पकड़कर पुलिस के हवाले किया, जिसमें 3 मवेशी क्रूरतापूर्वक भरे मिले।जानकारी के अनुसार बजरंग दल के कार्यकर्ता रूपेश गिरी उर्फ भीम गोस्वामी, हिमांशु अग्रवाल, राहुल यादव और किशन कछवाहा को खबर मिली थी कि मवेशियों को अवैध रूप से उमरिया की ओर ले जाया जा रहा है। इस पर कार्यकर्ताओं ने रनगांव के आगे बटौधा मुख्य मार्ग पर रात करीब साढ़े 11 बजे घेराबंदी की।इसी दौरान एक पिकअप वाहन (एमपी-20-जेपी-5197) आया। रोकने पर वाहन में बैठा एक युवक अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गया, जबकि चालक को पकड़ लिया गया। वाहन की तलाशी लेने पर दो भैंस और एक पड़िया रस्सी से बंधे हुए मिले।पकड़े गए चालक ने अपना नाम गुलशन झारिया (24), निवासी रनगांव बताया और पूछताछ में कबूल किया कि मवेशियों को वध के लिए उमरिया ले जाया जा रहा था। इस दौरान वाहन से पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस की प्रतियां भी जब्त की गईं।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ) और मोटरयान अधिनियम की धारा 66/192 के तहत मामला दर्ज कर पिकअप व मवेशियों को थाने में खड़ा कर दिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### सरपंच सचिव की मिलीभगत से चल रहा विकास निधि पर खुला दुरुपयोग

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अजगर में विकास निधि के दुरुपयोग लगातार बढ़ रही हैं। सरपंच और सचिव के कारनामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश सरकार द्वारा तय मापदंड और नियम—निर्देश उनके लिए मात्र कागजों तक ही सीमित हैं।गौरतलब यह है कि ग्राम पंचायत अजगर में 5वें और 15वें वित्त से स्वीकृत लाखों रुपये सड़क निर्माण और विकास कार्यों में खर्च होने के बजाय निजी लाभ के लिए खर्च किए गए। भुगतान सामग्री खरीदी के नाम पर अपने पसंदीदा सप्लायर को राशि वितरित की गई, जबकि मजदूरों की कोई जानकारी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है और कागजों में निर्माण कर विकास निधि का बंदरवाट कर दिया गया है।दरअसल ग्राम पंचायत अजगर में सीसी सड़क निर्माण के नाम पर सरपंच—सचिव के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए मनमाना भुगतान किया गया है।ग्राम छपरा सीसी सड़क निर्माण वर्ष 2024-25 में धोबिनाला से पंचायत भवन तक तीन सीसी सड़कें स्वीकृत हुईं। जिसकी कुल लागत 5 लाख रुपये थी। जिसमें मटेरियल खरीदने के नाम पर 1,92,000, 84,000, 54,000 और 17,000 रुपये सप्लायर को भुगतान कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि सड़क का निर्माण बिना मजदूरों का हो गया है तभी तो मजदूरी का कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं।ग्राम छपरा दूसरी सीसी सड़क 7 जून 2024 को 4 लाख रुपये स्वीकृत हुए। भुगतान मटेरियल खरीदने के नाम पर 90,000, 1,10,000 और 2,00,000 रुपये सप्लायर को वितरित किए गए। मजदूरों की कोई तैनाती नहीं हुई।ग्राम मुकदम टोला अजगर 15 अगस्त 2025 को 40,000 रुपये स्वीकृत हुए, लेकिन मटेरियल के नाम पर 1,50,000 रुपये का भुगतान किया गया।15वें वित्त से सीसी सड़क निर्माण कुल 4 लाख रुपये में से 2,40,000 रुपये मटेरियल के नाम पर बिना निर्माण हड़प लिए गए।ग्राम पंचायत उप सरपंच का कहना है कि मेन रोड से कोटवार मोहल्ला तक केवल एक सड़क का निर्माण हुआ, जबकि बाकी सभी स्वीकृत राशि सरपंच और सचिव ने मिलकर अपने निजी लाभ के लिए इस्तेमाल की। इसके अलावा, मुख्यमंत्री जनकल्याण संभल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि सहायता राशि का भी दुरुपयोग किया गया। जानकारी के अनुसार, 5 माह में मात्र 95,000 रुपये निकाले गए, जबकि वास्तविक लाभार्थी केवल तीन—चार लोगों को ही मिला। बता दें कि ऐसी ही तमाम भुगतान 15वें और पांचवा वित्त से किया गया है। यदि विभाग के द्वारा सरपंच सचिव के द्वारा किए गए वर्ष 23 से 2025 अब तक की आहरण की राशि की निष्पक्ष जांच की जाए तो लाखों का घोटाला उजागर हो सकता है। खैर अब सवाल यह उठता है कि जिला प्रशासन और उच्च अधिकारी कब तक ऐसे भ्रष्ट सरपंच और सचिव के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेंगे। यह आने वाले कुछ दिनों में साफ हो जाएगा। बरहाल इस मामले में जांच और कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही है, ताकि ग्रामवासियों के लिए स्वीकृत विकास कार्य सही मायनों में पूरे हों और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

**इनका कहना है**

ग्राम पंचायत अजगर की कई अन्य शिकायतें मिल चुकी है। मैं पूरी टीम के साथ जाकर पूरी मामले की जांच करूंगा।

**जितिन ठाकुर (सीईओ जनपद पंचायत समनापुर)**

# धूमधाम से मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

शहपुरा

विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त फार्मासिस्टों के द्वारा डिंडोरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया,विदित है कि फार्मेसी एक्ट 1948 के अंतर्गत फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग की एक बहुत महत्वपूर्ण डॉक्टर एवं मरीज के बीच की कड़ी है जो अस्पतालों में दवाइयों से लेकर समस्त संसाधन उपलब्ध कराते हैं एवं मरीज को दवाइयां का उचित डोज़ एवं सावधानियों से अवगत कराते हैं दवाइयों का वितरण, संग्रहण एवं खोज फार्मासिस्ट ही करते हैं

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले फार्मासिस्ट को सम्मानित किया गया एवं समाज में फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर परिचर्चा की गयी एवं मरीजों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डोंगरे, डॉक्टर ममता दीवान, डॉ जयश्री मरावी, डॉ मनोज उरैती, ड्रग इंस्पेक्टर,डीपीएम दिलीप कछवाहा एवं जिले के समस्त फार्मासिस्ट मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन फार्मासिस्ट संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण उपाध्याय ने किया।



# संरक्षण टीम एवं बाल कल्याण समिति का संयुक्त भ्रमण

### बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बाल संरक्षण टीम एवं बाल कल्याण समिति द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों का संयुक्त भ्रमण किया गया। अभियान के दौरान टीम ने पुराने डिंडोरी-मंडला बस स्टैंड, जबलपुर बस स्टैंड एवं डेमघाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान भिक्षावृत्ति करते हुए बच्चों को चिन्हित किया गया और झुग्गी-झोपड़ी एवं फुटपाथ पर रह रहे परिवारों से मुलाकात की गई। टीम ने अभिभावकों को समझाइश दी कि बच्चों को भिक्षावृत्ति में भेजना अपराध है तथा यह उनके भविष्य के लिए हानिकारक है। परिवारों को शिक्षा, पोषण एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में बच्चे पुनः भिक्षावृत्ति करते पाए गए तो अभिभावकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने स्पष्ट किया कि जिले में लगातार बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। उद्देश्य यह है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा सुनिश्चित की जा सके।



## स्थानीय कुटीर एवं लघु उद्योग जागरुकता व्याख्यान का आयोजन

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कुटीर एवं लघु उद्योग जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभी छात्र एवं छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान समय में आवश्यकताओं के साथ समस्याएं और परिस्थितियां भी विपरीत हैं। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित व जागरूक होने के पश्चात स्वयं और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत देखना चाहते हैं। इसके लिए हम सभी को रोजगार की आवश्यकता होती हैं। यह शासकीय नौकरी या कुटीर - लघु उद्योग स्थापित करके प्राप्त किया जा सकता हैं। हुस्नआरा अंसारी ने कहा कि व्यक्ति को रोजगार के अवसर प्राकृतिक स्त्रोतों से या कुटीर - लघु उद्योगों को स्थापित करके प्राप्त किया जा सकता हैं। इसके पश्चात डॉ. सुनील काकोड़िया ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी या एक जागरूक शिक्षित नागरिकों को शासकीय सेवा के अलावा अपने लिए वैकल्पिक रोजगार के लिए कुटीर एवं लघु उद्योग की चयन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. निगहत खान, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# करंजिया में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार शिविर का आयोजन

करंजिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंजिया में "स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार शिविर" का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें गर्भवती महिलाओं की विशेष रूप से जांच एवं उपचार किया गया।शिविर में 0 से 20 वर्ष के किशोरों व किशोरियों का सिकल सेल जांच किया गया, साथ ही टीबी रोग की स्क्रीनिंग सहित अन्य आवश्यक जांचें भी की गईं। स्त्री रोग, शिशु रोग एवं असित रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को परामर्श व उपचार प्रदान किया गया।इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड करंजिया



के स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।शिविर के आयोजन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सूरज सिंह, डॉ. आस्था द्विवेदी, डॉ. अंकित तिवारी, डॉ. सुशांत श्रीवास्तव, डॉ. मंजीत रावत, श्री रामप्रकाश मरावी (खंड प्रबंधक), श्री रमेश कुमार साकेत (खंड लेखापाल), नर्सिंग अधिकारी श्रीमती रुखसाना अली, श्रीमती मुमताज खान, श्री धनीराम मरावी, सुश्री गिरिजा कुशराम सहित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री यमुना पेंन्द्रो, सुश्री आकांक्षा साहू, सुश्री सुष्मिता फाल्के तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।राकेश बैरागी, सोमनाथ सोनी सहित सभी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने इस शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कनिष्क साहू ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

## विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

शहपुरा

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अवसर पर एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा (आई.ए.एस.) बी.ई.ओ. पी.डी. पटेल एवं प्राचार्य डॉ.डी.के. श्रीवास्तव की उपस्थिति में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में "विकसित भारत" थीम पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शहपुरा विकासखंड के 14 शासकीय



उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रभारी प्रशांत कुमार साहू के द्वारा सभी प्रतिभागियों को वाद-विवाद प्रतियोगिता के नियम समझाने के उपरांत प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। निर्णायकमंडल में डी.के.मिश्रा, प्रतिभा मिश्रा, एवं लाला प्रसाद झारिया शामिल रहे। निबंध प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को एस.डी.एम. ऐश्वर्य वर्मा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा श्रीवास्तव तृप्ति गुरुदेव सीमा ठाकुर, विजयलक्ष्मी तिवारी, वंदना राठौर , वंदना साहू, शिवानी साहू, रिचा चौरसिया, ज्योति ठाकुर, कमल, अश्विनी साहू, सतीश पाठक तारिक, गजरू परस्ते, सुरेंद्र, देवेंद्र, उमेश उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों ने योग कर दिया स्वास्थ्य एवं पोषण का संदेश

डिंडौरी।

8वाँ राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितम्बर से 19 अक्टूबर 2025 के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रतिदिन विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 25 सितम्बर 2025 को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में फिटनेस चैलेंज, योग दिवस और सामुदायिक खेल दिवस जैसे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों और समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर शहरी समुदायों में न्यूट्रिशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया तथा मोटापे की रोकथाम



हेतु नियमित स्वास्थ्य जांच पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए हेल्थ कैम्प में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पोषण प्रदर्शनी भी कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र रही। विशेष रूप से, सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेकर "पोषण ही स्वास्थ्य, स्वास्थ्य ही जीवन" का संदेश जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समुदाय को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकेश कुमार कुमरे बने मिसाल, रक्तदान कर बचाई महिला की जिंदगी



शहपुरा

स्वच्छता, सेवा और स्वास्थ्य का अद्भुत संगम शहपुरा नगर में उस समय देखने को मिला जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकेश कुमार कुमरे ने समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। दिनांक 25 सितम्बर 2025 को शहपुरा नगर स्थित युवा हॉस्पिटल में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नगर के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता भी फैलाई गई इसी बीच अस्पताल में उपचाररत एक महिला को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ी। स्थिति गंभीर होने पर स्वयं आगे बढ़ते हुए सीएमओ विकेश कुमार कुमरे ने रक्तदान किया। उनके इस कदम से न केवल उस महिला की जान बचाई जा सकी बल्कि पूरे नगर में एक सकारात्मक संदेश गया। उपस्थित नागरिकों ने उनके इस मानवीय कार्य की जमकर सराहना की।

### रक्तदान के पश्चात सीएमओ कुमरे ने लोगों को संदेश देते हुए कहा

"अपने आस-पास हमेशा साफ-सफाई रखें, पॉलीथीन का उपयोग न करें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ। स्वच्छता ही असली स्वास्थ्य का आधार है।" उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवन जीने का एक संकल्प है, जो हमें यह याद दिलाता है कि स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत का मार्ग प्रशस्त करता है। उनकी इस पहल ने यह साबित कर दिया कि रक्तदान – महादान है और जब-जब समाज के लोग मदद के लिए आगे आते हैं, तब-तब किसी का जीवन बचाया जा सकता है और कई घरों में खुशियाँ लौटाई जा सकती हैं।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम बरौदी माल में स्वच्छता अभियान

शहपुरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद शहपुरा प्रमोद ओझा के निर्देशन एवं जिला समन्वयक संगीता सोनी तथा ब्लॉक समन्वयक योगेंद्र झारिया के मार्गदर्शन में "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा – एक दिन, एक घंटा, एक साथ" कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बरौदी माल में किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल, ग्राम सरपंच सिया बाई धुर्वे, सचिव नारद सिंह मरावी, पैसा मोबिलाइजर रामजी झारिया, NRLM टीम, जल संसाधन टीम, समग्र शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### ग्रामीणों ने ली स्वच्छता शपथ

इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ घर, गली-मोहल्ले तथा ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु जागरूक किया गया। उपस्थित जनों ने मिलकर गांव एवं शासकीय भवनों की साफ-सफाई की और स्वच्छता शपथ भी ली।

### स्वच्छ पेयजल का महत्व बताया

कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के धर्मवीर ने जल परीक्षण का प्रदर्शन किया तथा स्वच्छ पेयजल के महत्व, नल, हैंडपंप और कुओं की स्वच्छता बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी। गांव में हुए इस अभियान से ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और उत्साह का संचार हुआ तथा सभी ने मिलकर स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## गौवंश को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग, जीएसटी शून्य पर जताया विरोध

**शहपुरा।** राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन शहपुरा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गौवंश के मांस पर जीएसटी शून्य (जीरो टैक्स) किए जाने और मध्यप्रदेश के राजपत्र में गौवंश संबंधी प्रावधानों को लेकर कड़ा विरोध जताया है। संगठन के सदस्यों ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। ऐसे में इसके मांस को टैक्स फ्री करना न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी गलत संदेश देता है।संगठन ने प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि गौवंश के मांस पर जीएसटी शून्य करने के निर्णय को तुरंत वापस लिया जाए। साथ ही, मध्यप्रदेश के राजपत्र में गौवंश



संबंधी प्रावधानों में संशोधन करने की मांग की गई है।राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन ने यह भी मांग उठाई है कि मध्यप्रदेश में गौमाता को राज्य माता तथा पूरे देश में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि इस विषय पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।इसके लिए राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन के संभाग अध्यक्ष क्रपेश नामदेव, जिला अध्यक्ष देवलाल उसराठे, प्रभारी मंत्री सानिध्य सोनी, नगर अध्यक्ष शहपुरा हरी लाल यादव जी, मनोज यादव, कन्हैया साहू, पुनीत रजक, तुलसी साहू, जीतू शर्मा, संदीप साहू, पंकज गुप्ता, निलेश गुप्ता, राजा साहू, विकास यादव, दीपक बरमेया, शिव साहू, एवम राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन के सदस्य गण मौजूद रहे।

### खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**डिंडौरी** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विक्रमपुर एवं चिचरिंगपुर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, सुशील राय सहित गांव के वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल बच्चों की कबड्डी एवं दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया।



प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा कि ऐसे आयोजन से जहां खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है वहीं स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी फैलती है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# भाजपा द्वारा मनाई गई उपाध्याय जी की जयंती

## अमृततुल्य विचारधारा देश को दे रही नई दिशाः कैलाश सोनी







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के पितृ पुरूष जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में रामस्नही पाठक ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस दल के कार्यकर्ता है। जिनके नेताओं ने राष्ट्र प्रथम के भाव का सिद्धांत दिया उन्हीं मे से एक भाजपा के पितृपुरूष श्रद्धेय दीनदयाल जी की आज जन्मजयंति है दीनदयाल जी ऐसे बिरले नेता थे जिन्होंने दरिद्र नारायण की चिंता करते हुए समाज को अन्त्योदय का विचार दिया भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता उसी धेय वाक्य को लेकर समाज में आगे बढ़ रहे है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज उस महामानव की जन्मजयंति है जो भारतीयता के चिंतक मानवता के सच्चे उपासक व असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं ऐसे महामानव पं.दीनदयाल जी की जन्म जयंती पर उनके चरणों में कोटिशः नमन है। श्रद्धेय दीनदयाल जी ऐसे प्रकृति प्रदत्त नेता थे जिनका सारा जीवन बड़े ही अभाव व कठिनाईयों में गुजरा पर उन्होंने कभी भी परिस्थितियों से हार न मानते हुए संघर्ष जारी रखा और समाज एवं गरीब की कठिनाईयों को करीब से देखा इसी कारण उनके विचार में गरीब की सेवा और उसका उन्नयन सर्वोच्च प्राथमिकता रही। सार्वजनिक जीवन में सुचिता एवं गरिमा के उच्चतम मापदंड स्थापित करने वाले दीनदयाल जी ने सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्य से जोड़ने के लिए संघर्ष किया। दीनदयाल जी के विचारों ने भारतीय राजनीति की दिशा को भारतीयता की जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने इस विचार की पूर्ति हेतु भारतीय जनसंघ की स्थापना की और जब संपूर्ण विश्व में पूंजीवाद और मार्क्सवाद हावी था तब उन्होंने अंत्योदय का विचार दिया अंत्योदय की यही अमृततुल्य विचारधारा देश को एक नई दिशा दे रही है। भारतीय जनता पार्टी संगठन अपने प्रत्येक नीति निर्धारण में अंत्योदय के विचार को मूल में रखती है। यही कारण है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुखिया मोहन यादव अपनी समस्त योजनाएं गरीब के कल्याण को ध्यान में रखकर बनाते है। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन और अंत्योदय का विचार हम सभी को राष्ट्रसेवा हेतु सदैव मार्गदर्शित करता रहेगा।

वरिष्ठ नेता अनंत दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रद्धेय दीनदयाल जी ने कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानते हुए अपना वैचारिक संघर्ष जारी रखा और भारतीय जनसंघ की स्थापना एक बीज के रूप में की थी जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के विशाल वटवृक्ष के रूप में जो करोड़ों कार्यकर्ताओं को अपने में समाहित करते हुए विश्व का सबसे बड़ा राजनेतिक दल बन चुका है। उन्होने अंत्योदय का जो सिद्धांत दिया था उसे प्रत्येक कार्यकर्ता ध्येय वाक्य मानकर बूथ बूथ तक उनके विचार को फैला रहा है। उन्होंने कहा था कि स्वयं कि नहीं गरीबों की चिंता करें इसी की परिणीति है प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, लाड़ली बहना योजना, मुफत अनाज योजना जैसी अनेकों योजनाओं गरीब कल्याण को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

इन सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गो को दे रहे है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष रमाकांत चैबे व आभार जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन द्वारा किया गया। इस अवसर विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व अध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, वनोपज संघ अध्यक्ष देवी सिंह पटैल, वरिष्ठ नेता अनंत दुबे, शिवदयाल खैरोनिया, संध्या कोठारी, जिला संयोजक हरिप्रताप ममार, जिला महामंत्री डॉ.हरगोविंद पटैल, जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, राहुल कौरव, जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, निशा सोनी, मोहरकांत गुर्जर जिला पदाधिकारी गण मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा बैठक का आयोजन कर संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक पद पर प्रकाश चंद कटारिया को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष पद पर सतीश नेमा, उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, लाल साहब जाट, सचिव पद पर कैलाश चंद्र नेमा, सह सचिव. हरिओम चैकसे, संजय नेमा, कोषाध्यक्ष पद पर राजेश नेमा को नियुक्त किया गया एवं कार्यकारिणी सदस्यों में राकेश नेमा, नवीन कटारिया, सुरेन्द्र नेमा, मनीष सेतवानी, देवेन्द्र राय को रखा गया। बैठक की अंत में नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश नेमा ने कहा कि पूर्व की भांति सभी के सहयोग से संगठन के लिए काम किया जाएगा।

## घर के भीतर से निकल रहा पानी, रहस्य बरकरार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जिले की ग्राम पंचायत हरई मे एक घर से रहस्मयी तरीके से पानी निकल रहा है। उक्त संबंध मे योगेन्द्र लोधी द्वारा बतया गया कि पानी घर के सभी कमरों से निकल रहा है। पानी इतनी ज्यादा मात्रा में निकलता है कि पानी को तीन हास पावर की मोटर चलाकर खाली करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बिना वारिश पानी का रिसाव होना चिंता जनक है। वही लोगों की माने तो अधिक बारिश होने के कारण ऐसा हो रहा है। वही उक्त संबंध मे सोशल मीडिया पर वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है। पानी रिसाव को लेकर अभी तक प्रशासन द्वारा कोई पुष्टि नही की गई घर के आसपास कोई झरना तालाब भी नही है परन्तु पानी कहां से आ रहा है इसका कोई राज समझ नही आ रहा है।

# पारंपरिक रास गरबा का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस श्री अम्बे रास गरबा ग्रुप द्वारा पारंपरिक गरबा, डांडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुतियों का एक अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सभी का मन मोह लिया। नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की भव्य आरती के साथ हुई, जिसे स्थानीय बालिकाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ संपन्न किया। इसके बाद जैसे ही पारंपरिक गरबा संगीत की धुनें गूंजीं, रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे लोग मां अंबा की भक्ति में झूम उठे। पूरा माहौल उत्साह उमंग और भक्ति से सराबोर था। आयोजन में संजू बाबा, अजय मेहरा , वैष्णवी रानी रैकवार, वर्षा पटेल, तनु पटेल, नंदनी खंडारे, संजना, रश्मि, चिया नेमा और श्रेया विश्वकर्मा समेत पूरे आर्टिस्ट ग्रुप ने इस कार्यक्रम को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्राचार्य जी. एस. पटैल के मार्गशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नरसिहपुर नीलम सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि जी.डी. गढेवाल, सेवानिवृत प्राचार्य, प्रकाश चंद्र साहू ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। एन.एन.एस. इकाई के छात्र-छात्राओं द्वारा इस अवसर पर नशा मुक्ति विषय पर नाटक का मंचन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण कराई। नाटक मंचन उपरांत छात्र-छात्राओं के द्वारा एन.एस.एस. लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे उठे प्रस्तुत किया। गीत प्रस्तुति उपरांत एन.एस.एस. बालक ईकाई प्रभारी राजकुमार लोधी, उ.मा.शि. के एन.एस.एस. इकाई की कार्यप्रणाली, ईकाई दल के छात्र-छात्राओं को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया।

# गोमांस को टैक्स फ्री करने के विरोध में विहिप ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने गुरुवार को डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विहिप ने गोमांस को करमुक्त करने वाली शासन की अधिसूचना का विरोध किया है। सरकार ने 18 सितंबर को एक अधिसूचना जारी की थी। इसमें गोवंशीय पशुओं का ताजा और ठंडा मांस टैक्स फ्री किया गया है।विहिप का कहना है कि यह निर्णय मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के खिलाफ है। परिषद ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार गो संरक्षण वर्ष मना रही है। दूसरी तरफ गोमांस को करमुक्त कर रही है।यह सरकार की नीतियों और हिंदू समाज की आस्था के विरुद्ध है। विहिप ने ज्ञापन में नौ मांगें रखी हैं। इनमें गोमांस करमुक्त अधिसूचना को तुरंत वापस लेना शामिल है। गोवंश के मांस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। अवैध कसाईखानों पर कार्रवाई की मांग भी की गई है।परिषद ने मांस बाजारों में रैंडम सैंपल टेस्टिंग की मांग की है।गोमांस को खाद्य सामग्री की श्रेणी से बाहर रखने की मांग भी की है। गोमूत्र और गोबर से बने उत्पादों को करमुक्त करने की मांग की गई है।विहिप ने चेतावनी दी है कि अधिसूचना वापस नहीं ली गई तो प्रदेश में असंतोष फैल सकता है।

# आनंद विभाग की कार्यशाला संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का संयुक्त आयोजन अल्पविराम परिचय कार्यशाला का समापन चीचली विकासखंड में संपन्न हुआ। विगत 17 सितम्बर से नरसिंहपुर के सभी विकासखंडो में एक दिवसीय आनंद की अल्पविराम परिचय कार्यशालाए आयोजित हुई हैं। नरसिंह आनंद क्लब के मास्टर ट्रेनर और आनंदकों के सक्रिय सहयोग से प्रत्येक विकासखंड में पंचायत, राजस्व, शिक्षा, महिला बाल विकास, मत्स्य, पशुपालन आदि विभागों के 60 अधिकारी- कर्मचारी शामिल होकर आनंद की अल्पविराम कार्यशाला से जुड़ कर लाभान्वित हुए।विकासखंड चीचली में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला में जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक गुप्ता द्वारा उपस्थित लोक सेवकों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि कर्मचारी अधिकारी तनावमुक्त होंगे तभी गुणवत्ता पूर्ण कार्यों का निष्पादन कर सकेंगे।

# शक्ति पर्व दमोह में सुमित दुबे ने दी प्रस्तुति



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों पर आयोजित सांस्कृतिक आयोजन शक्ति पर्व कार्यक्रम में जिले के सुप्रसिद्ध बुन्देली लोककलाकार सुमित दुबे ने अपने साथी कलाकार राजेश दुबे, प्रतीक दुबे, अंकित दुबे, दशरथ मेहरा, विवेक ठाकुर के साथ बड़ी देवी मंदिर परिसर दमोह में अपने सुमधुर पारंपरिक बुन्देली देवी गीतों की प्रस्तुति से उपस्थित कलाप्रेमियों को थिरकने और नाचने झूमने पर मजबूर कर माहौल प्रफुल्लित बना दिया। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा शक्ति पर्व में प्रदेश के प्रमुख देवी स्थानों पर देश विदेश के अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां आयोजित होती है। प्रदेश व देश के विभिन्न मंचो पर अपने बुन्देली गीतों की प्रस्तुति देने वाले अनेक महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त लोककलाकार पं. सुमित दुबे की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए इष्ट मित्रो व शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय आंदोलन की बन रही योजना



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित किसानों के द्वारा विभिन्न समस्याओं पर काफी विस्तार से चर्चा की गई। समस्याओं का निराकरण ना होने की स्थिति में जिला स्तर पर एक आंदोलन का भी निर्णय लिया गया है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार आंदोलन की प्रमुख माँगें उक्त हैं। जिसमें मूंग का त्वरित भुगतान कराया जाए।खरीदी उपरांत जिन किसानों के बिल नहीं बनें उन्हें तुरंत जारी किया जाए।सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 प्रति क्विंटल किया जाए।ग्रामीण क्षेत्रों में ठेके पर दी गई बिजली के कारण बढ़े बिलों को सुधारकर सामान्य किया जाए।अतिवृष्टि से नष्ट फसलों का तत्काल सर्वे कर मुआवजा दिया जाए। गन्ने का रेट 450 प्रति क्विंटल किया जाए व भाजपा सरकार की घोषणा अनुसार 2024 से 50 बोनस दिया जाए। धान की खरीदी 3100 प्रति क्विंटल पर की जाए। गेहूँ का समर्थन मूल्य 2700 प्रति क्विंटल तय किया जाए।अन्य किसानों-मजदूरों की समस्याओं को भी गंभीरता से उठाया जाएगा। यदि सरकार शीघ्र संज्ञान नहीं लेती है तो संघ जिला मुख्यालय पर भी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



# छात्र-छात्राओं ने किया आईटीआई का भ्रमण

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वी एवं 11वीं के व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को शासकीय आईटीआई तेंदूखेड़ा का भ्रमण कराया गया। जिसमें कक्षा नौवीं के एवं 11वीं के छात्राओं ने भाग लिया। संस्था प्राचार्य ने व्यावसायिक शिक्षा को छात्रों के लिए रोजगार स्वरोजगार के लिए उपयोगी अवसर बताया। छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षा गोठल सिंह पटेल सचिन साहू पारस शर्मा आदि उपस्थित रहे। आईटीआई प्रबंधक एवं उनके सहयोगियों ने साक्षरता का मार्गदर्शन कराया तथा कंप्यूटर लैब में कंप्यूटर संचालन से संबंधित प्रक्रिया से अवगत कराया। भविष्य में भी बेहतर रोजगार प्राप्त कैसे किया जा सकता है इन सभी अवसरों का छात्राओं को निरीक्षण करते हुए रोजगार प्राप्त करने के अवसरों को बतलाया गया।

# कंकाली देवी मठ इमझिरा में माता रानी को जल अर्पित करने लगने लंबी कतारें



**तेंदूखेड़ा।** आदि शक्ति मां जगदंबा की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि संपूर्ण क्षेत्र में भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं की स्थापना के साथ जवारे बोने घट स्थापना कर पूजन अर्चना की जा रही है। सुबह से ही श्रद्धालु देवी मठों और ग्राम के प्रतिष्ठित चबूतरों खेरापति मंदिरों में जल अर्पित करने व आरतियों में शामिल होने पहुंचने रहें है। जल चढ़ाने वालों की सुबह से ही लंबी लंबी कतारें देखने मिलने लगी है। वही दुर्गा समितियों द्वारा जगह जगह प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। धीरे-धीरे श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है रात्रि के समय पंडालों में होने वाली संगीत में आरतियों में श्रोता भाव विभोर होकर नाचने में मजबूर हो रहे हैं। जहां इस नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालु अपनी शक्ति साधना के अनुरूप माता की उपासना करने में लीन है तो वही कुछ लोगों द्वारा नंगे पैर व 9 दिन का उपवास रखकर माता की आराधना की जा रही है। आने वाले दिनों में नवरात्रि का यह पावन पर्व पूरे सबाब पर रहेगा।पंचमी पर लगा 56 व्यंजनों का भोग नवरात्रि के पावन पर पंचमी पर कंकाली मठ पर विराजमान मां भगवती जी को 56 व्यंजनों का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

# दर्दनाक सड़क हादसे में मरीज की जान से खिलवाड़ रेफर सेंटर बना सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोटेगांव




**गोटेगांव नरसिंहपुर।** गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले दर्दनाक सड़क हादसों में सरकार द्वारा उपलब्ध 108 (एम्बुलेंस)आपातकालीन वाहन मौके पर मरीज के परिजनों को उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैं कारण हैं 108 स्टाफ के कर्मचारियों की निजी एम्बुलेंस सेवा बालों से मिलीभगत एक बड़े कमीशन का चक्कर स्थिति कुछ ऐसी हैं कि जब भी कोई बड़ी वाहन दुर्घटना होती हैं ऐसी स्थिति में आमजन 108 एम्बुलेंस सेवा से संपर्क करते हैं नजदीकी गोटेगांव की 108 एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के लिए स्टॉफ से संपर्क किया जाता हैं लोकल स्टाफ के पास जानकारी आती हैं कि उक्त घटना स्थल पर घटना घटित हो गई हैं आप यदि फ्री हैं तो उन्हें केश आई डी देकर मौके पर जाने आदेश दे दिया जाता हैं मौके पर जाकर मरीज को ले आइए अब प्रारंभ होता हैं मरीज के साथ हेर फेर का खेल 108 स्टाफ निजी एम्बुलेंस बालों से जानकारी साझा करते हैं कि हमारे पहुंचने से पहले आप लोग पहुंच जाओ और उस मरीज को गोटेगांव स्वास्थ केंद्र ले आओ यहां से उस मरीज को निजी एम्बुलेंस में रेंफर करा लिया जाता हैं मरीज को रास्ते में गुमराह करके निजी अस्पताल ले जाया जाता हैं जिससे तगड़ा कमीशन बन सके आवारा मवेशी के कारण हो रहे सड़क हादसे प्रशाशन लापरवाह गोटेगांव बीते दिवस दिन बुधवार 17/9/25 को समीपवर्ती ग्राम बगासपुर के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। तेज रफ्तार मालवाहक और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए थे। लेकिन घटना के कुछ समय पश्चात ही हादसे में मोटरसाइकिल सवार उदय राज पटेल निवासी खमरिया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राहुल यादव और उनकी पत्नी सीमा यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूदा ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को एम्बुलेंस से गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उदयराज को मृत घोषित कर दिया गया था डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल राहुल और सीमा यादव को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया, लेकिन राहुल यादव ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। भीषण टक्कर में राहुल यादव का दायां हाथ पूरी तरह छत-विक्षत हो गया था। उदयराज के सीने में गंभीर अंदरुनी चोट होने की जानकारी सामने आई।गर्भवती महिला की हालत भी गंभीर घटना में घायल महिलासीमा यादव गर्भवती हैं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई और उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों की देखरेख में उन्हें जबलपुर रेफर किया गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके और अस्पताल पहुंच गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मालवाहक और मोटरसाइकिल दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे मवेशियों को बचाने में हुआ सड़क हादसा- ग्रामीणों का कहना है कि मालवाहक तेज रफ्तार में था और सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि आसपास मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। बगासपुर गांव की सड़क पर लगातार मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। सड़क पर खड़े मवेशियों के कारण वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कत आती है और अक्सर हादसे हो जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर मवेशियों के आवागमन पर रोक लगाने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए समूचे जिले में चल रही निजी अनफिट कबाड़ एम्बुलेंस समूचे जिले में बड़े स्तर पर निजी एम्बुलेंस सेवा दे रही हैं इन एम्बुलेंस में अधिकांश वाहन पूर्ण रूप से खटारा हो चुके से स्वस्थ विभाग की गाइड लाइन की दृष्टि से देखा जाए तो लगभग 70 प्रतिशत वाहन पूर्ण रूप से अनफिट मिलेंगे जिन्हें मरीज को लाने के जाने में उपयोग नहीं किया जा सकता ऐसी एम्बुलेंस में न कोई ऑक्सीजन उपलब्ध हैं और यदि ऑक्सीजन सिलेंडर गाड़ी में लगा भी हैं तो खाली हैं या फिर जो चालक एम्बुलेंस वाहन चला रहा हैं उसको इस बात की कोई भी फिक्र नहीं हैं कि गम्भीर मरीज को ऑक्सिजन भी लगाना होता हैं ये सब कुछ किसकी दया पर चल रही हैं संचालक पर कोई कार्यवाही सुनिश्चित क्यों नहीं कर रहे हैं एक गंभीर और बड़ा सवाल हैंइनका कहना हैं एस डी ओ पी ए(मनीष त्रिपाठी)जो भी निजी एम्बुलेंस अनफिट चल रही हैं मुझे उनकी जानकारी प्रदान करें निश्चित तौर पर कार्यवाही सुनिश्चित करूंगा सत्य सिंह पटेल (समाजसेवी)मैं मौके पर मौजूद था मेरी उपस्थिति में ये सभी घटनाक्रम हुआ कॉल 108 को लगाया और मौके पर निजी एम्बुलेंस आई शासकीय अस्पताल जो ऑक्सीजन दी गई बो खाली थी ऑक्सीजन की कमी के चलते मरीज ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया इसका जिम्मेदार कौन है।

# शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगाँव में ऊर्जा संरक्षण एवं स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**गोटेगांव नरसिंहपुर:** गोटेगांव में दिनांक 24 सितम्बर 2025 को व्याख्यान-माला का आयोजन श्री प्रतीक दुबे, विकासखण्ड समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद, गोटेगांव के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य श्रीमती अन्नपूर्णिमा कोष्टा की अध्यक्षता एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्रा के संचालन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन बाद अतिथियों के सत्कार के साथ हुआ इस कड़ी में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कु अंजलि चौधरी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश मिश्रा ने रासेयो के 58वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रासेयो के उद्देश्यों एवं छात्रजीवन में इसके महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान दिया, इसके उपरांत आज की व्याख्यान माला में डॉ. अभिषेक तिवारी, डॉ. एकता उपाध्याय, डॉ. सचिन ऊमरे ने अपने विचार रखे तत्पश्चात आज के मुख्य वक्ता श्री प्रतीक दुबे ने विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण व स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता विषय पर विस्तार एवं बड़े ही रोचक ढंग से समझाते हुऐ ऊर्जा संरक्षण व स्वदेशी उत्पादों के उपयोग हेतु प्रेरित किया। श्री दुबे ने विभिन्न सामाजिक उदाहरणों एवं दृष्टांतों के माध्यम से ऐसे प्रयासों पर जोर दिया जिससे स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा मिले एवं हमारे स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों को आर्थिक बल मिल सके। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ. रूकमणी अहिरवार, डॉ. सुजाता कोरी, श्रीमती टीना सोनी, डॉ. जयश्री चढार, श्री संदीप राजपूत, श्री अरूण बोहरे, श्री राजेश पटेल, श्री प्रियांश नामदेव, श्री अंचल सोनी, श्री पुहुप बर्मन एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ अभिषेक तिवारी के आभार प्रस्तुत करने के साथ हुआ।

# गोटेगांव में दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का सफल आयोजन



**गोटेगांव नरसिंहपुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगांव में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं एल्मिको जबलपुर के सहयोग से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना एवं कन्या पूजन के साथ माननीय श्री प्रहलाद सिंह पटैल जी, मंत्री म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग द्वारा किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राम सनेही पाठक जी (जिला अध्यक्ष, भाजपा), पूर्व मंत्री श्री जालम सिंह पटेल जी एवं माननीय विधायक श्री महेन्द्र नागेश जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।शिविर में विकासखंड के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के उन विद्यार्थियों को शामिल किया गया जिनकी दिव्यांगता 40% से अधिक है।जिसका लक्ष्य 150 था इस अवसर पर 114 विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 59 विद्यार्थियों को विभिन्न सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु चिन्हांकित किया गया। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु प्रति विद्यार्थी 50 रुपये परिवहन भत्ता एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई।मुख्य अतिथि श्री प्रहलाद सिंह पटैल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक दिव्यांग विद्यार्थी तक समय पर पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में अपार प्रतिभा छिपी हुई है, जिन्हें सही अवसर और प्रोत्साहन देकर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। विधायक श्री महेन्द्र नागेश जी ने विद्यालय के विशेष विद्यार्थियों को समान अवसर और शिक्षा का अधिकार दिलाने पर बल दिया।इस शिविर में एल्मिको जबलपुर की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम – श्री शौरभ शर्मा जी, श्री अखिलेश यादव जी, श्री नीरज मौर्य जी, श्री अरुण यादव जी एवं श्री अंकित जी ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर व्हीलचेयर, वॉकर, कैलिपर्स, हियरिंग एड, ब्रेल किट, टीएलएम किट, व्हीलकिट एवं रोलटर जैसे उपकरणों हेतु चयन किया।शिविर के संचालन में कार्यक्रम प्रभारी श्री संतोष सिसोदिया जी, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगांव तथा प्रभारी बीआरसी श्री डी.पी. चड़ार जी , प्रभारी एमआरसी श्री सतीश कुमार साहू जी सहित जनपद शिक्षा केन्द्र गोटेगांव की टीम ने विशेष भूमिका निभाई। टीम में बीएसी, श्री योगेन्द्र कुमार बुनकर जी, श्री उमाशंकर छिरा जी, जनशिक्षक, श्री अजित सोनी जी, श्री विकास साहू जी, श्री राजेश अग्रवाल जी, श्री प्रकाश राकेशिया जी, श्री पूरन लोधी जी, श्री राजेन्द्र सोनी जी, श्री मनीष जैन जी, श्री प्रसन्न कुर्मी जी, श्री विनीत पटेल जी, श्री धर्मेन्द्र पटेल जी, श्री संगम सिंह पटेल जी, श्री वीरेंद्र छिरा जी, श्री भूपेन्द्र राजपूत जी, श्री गोविंद जी, श्री भैयालाल जी, श्री सुमेर सिंह जी, श्री सुरेन्द्र सिंह जी, श्री प्रवीण जी, श्री संजय दोहैया जी, श्री राजेश नामदेव जी, एमआईएस समन्वयक श्री राजेन्द्र चौरसिया जी, श्री गणेश कहार जी एवं श्री शेख अशरफ खान जी का सराहनीय योगदान रहा।मंच संचालन का दायित्व श्री राजेश गुप्ता जी (माध्यमिक शिक्षक, सांदीपनी विद्यालय),श्री आशीष दुबे प्राथमिक शिक्षक ने निभाया।यह शिविर जिला शिक्षा अधिकारी श्री संदीप नेमा जी एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री मनीष चौकसे जी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सी एम राइस विद्यालय गोटेगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया, प्राचार्य एस.के सिसोदिया की मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**गोटेगांव नरसिंहपुरः** शासकीय सी एम राइस विद्यालय गोटेगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के द्वारा एनएसएस की 57वीं स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एस के सिसोदिया की मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीतम पटेल, सुषमा वर्मा, अर्चना कछवाहा, शैफाली जैन, शुभम चक्रवर्ती, सुरेंद्र साहू, प्रमोद चौधरी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संजीव नाहर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया । कार्यक्रम का संचालन संजीव नाहर ने किया. श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि "राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है बल्कि संकल्प का भी दिन है. हमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनना चाहिए. एनएसएस स्वयंसेवक सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहते है ।" सुषमा वर्मा , अर्चना कच्छवाहा और शेफाली जैन ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने में एनएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक समाज के वंचित वर्गों के बीच जाकर नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और जागरूकता अभियानों के जरिए सकारात्मक संदेश फैलाते हैं. इस अवसर पर वक्ता चक्रवर्ती,और सुरेंद्र साहू,प्रमोद कुमार चौधरीने कहा कि "राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य 'मैं नहीं, आप' स्वयंसेवकों की भावना और उनके कार्यों का सच्चा परिचायक है. यह योजना प्रतिभावान युवाओं को गांव से लेकर राष्ट्रीय मंच तक अवसर प्रदान करती है." कार्यक्रम अधिकारी संजीव नाहर ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि इस वर्ष स्थापना दिवस के मौके पर स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण किया और. विद्यार्थियों को समाज हेतु जागरूक करने का संदेश दिया.पूरा कार्यक्रम उत्साह और सामाजिक सेवा की भावना से परिपूर्ण रहा.